ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

हिंदी ऑनलाइन कक्षा

कक्षा - नवी

विषय – हिंदी
पाठ : ४
पाठ का नाम : एवरेस्ट: मेरी शिखर यात्रा
PPT-4

पाठ्यपुस्तक के प्रश्न-अभ्यास

मौखिक
निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-दो पंक्तियों में दीजिए-

प्रश्न 1.अग्रिम दल का नेतृत्व कौन कर रहा था?

उत्तर-अग्रिम दल का नेतृत्व प्रेमचंद कर रहे थे।

प्रश्न 2.लेखिका को सागरमाथा क्यों अच्छा लगा?

उत्तर-लेखिका को 'सागरमाथा' नाम इसलिए अच्छा लगा क्योंकि सागरमाथा का अर्थ है- सागर का माथा और एवरेस्ट संसार की सबसे ऊँची चोटी है।

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

प्रश्न 3.लेखिका को ध्वज जैसा क्या लगा?

उत्तर-लेखिका को तेज हवाओं के कारण उठी हुई चक्करदार बर्फीली आकृति ध्वज जैसी प्रतीत हुई।

प्रश्न 4. हिमस्खलन से कितने लोगों की मृत्यु हुई और कितने घायल हुए?

उत्तर- हिमस्खलन से दो व्यक्तियों की मृत्यु हुई और नौ लोग घायल हुए।

प्रश्न 5. मृत्यु के अवसाद को देखकर कर्नल खुल्लर ने क्या कहा?

उत्तर- मृत्यु के अवसाद को देखकर कर्नल खुल्लर ने कहा कि ऐसे साहसिक अभियानों में होने वाली मृत्यु को सहज भाव से स्वीकार करना चाहिए।

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

प्रश्न 6. रसोई सहायक की मृत्यु कैसे हुई?

उत्तर- रसोई सहायक की मृत्यु स्वास्थ्य के प्रतिकूल जलवायु में काम करने के कारण हुई।

प्रश्न 7. कैंप-चार कहाँ और कब लगाया गया?

उत्तर- कैंप-चार 7900 मीटर ऊँची 'साउथ कोल' नामक जगह पर 29 अप्रैल को लगाया गया था।

प्रश्न 8. लेखिका ने तेनजिंग को अपना परिचय किस तरह दिया?

उत्तर- लेखिका ने तेनजिंग को अपना परिचय देते हुए कहा कि वह नौसिखिया है और एवरेस्ट उसका पहला अभियान है।

ODM
EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

प्रश्न 9. लेखिका की सफलता पर कर्नल खुल्लर ने उसे किन शब्दों में बधाई दी?

उत्तर- लेखिका की सफलता पर कर्नल खुल्लर ने कहा- मैं तुम्हारी इस अनूठी उपलब्धि के लिए तुम्हारे माता-पिता को बधाई देना चाहूँगा। देश को तुम पर गर्व है और अब तुम ऐसे संसार में वापस जाओगी, जो तुम्हारे अपने पीछे छोड़े हुए संसार से एकदम भिन्न होगा।

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर (25-30 शब्दों में)

प्रश्न 1. नज़दीक से एवरेस्ट को देखकर लेखिका को कैसा लगा?

उत्तर- नजदीक से एवरेस्ट को देखने पर लेखिका भौंचक्की रह गई। उसे टेढ़ी-मेढ़ी चोटियाँ ऐसी लग रही थीं मानो कोई बरफ़ीली नदी बह रही हो।

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

प्रश्न 2. डॉ. मीनू मेहता ने क्या जानकारियाँ दीं?

उत्तर- डॉ. मीनू मेहता ने लेखिका को अल्युमिनियम की सीढ़ियों से अस्थायी पुलों का निर्माण करने, लट्टों और रस्सियों का उपयोग करने, बर्फ़ की आड़ी-तिरछी दीवारों पर रस्सियों को बाँधने तथा अग्रिम दल के अभियांत्रिकीकार्यों की विस्तृत जानकारी दी।

प्रश्न 3. तेनजिंग ने लेखिका की तारीफ में क्या कहा?

उत्तर- तेनजिंग ने लेखिका की तारीफ में कहा, “तुम पक्की पर्वतीय लड़की लगती हो। तुम्हें तो पहले ही प्रयास में शिखर पर पहुँच जाना चाहिए।

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

THANKING YOU

ODM EDUCATIONAL GROUP

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow